भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †155

सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नासिक में पर्यटन का विकास

†155. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार नासिक के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व से अवगत है और क्या सरकार की स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के अंतर्गत नासिक तथा उसके आसपास के महत्वपूर्ण स्थलों हेतु एक व्यापक सांस्कृतिक पर्यटन तंत्र विकसित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पर्यटकों को बेहतर अनुभूति देने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन स्थलों पर अवसंरचना, पर्यटक सुविधाओं और सुख-सुविधाओं के विकास हेतु आबंटित की जाने वाली संभावित निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एक प्रमुख सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में नासिक की क्षमता का आकलन करने के लिए कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो उक्त मूल्यांकन का ब्यौरा और परिणाम क्या हैं;

(घ) सरकार द्वारा सतत पर्यटन विकास और नासिक की विरासत के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए इस सांस्कृतिक सर्किट को बढ़ावा देने और प्रबंधित करने में स्थानीय हितधारकों और समुदायों को शामिल करने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस सांस्कृतिक सर्किट परियोजना को आरंभ करने और पूरा करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन स्थलों की क्षमता के आकलन सहित उनका विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0), 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के

माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। नासिक सहित महाराष्ट्र राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

वर्ष 2024-25 में, पर्यटन मंत्रालय ने 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' (एसएएससीआई) योजना के लिए परिचालनरत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का व्यापक विकास, उनकी वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग और विपणन करना है। इस योजना के अंतर्गत, भारत सरकार ने देश में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें महाराष्ट्र के नासिक में 99.14 करोड़ रुपये की 'राम-काल पथ का विकास' नामक परियोजना भी शामिल है। एसएएससीआई योजना के अंतर्गत परियोजनाओं की पहचान, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों, निर्धारित मानदंडों और योजना दिशानिर्देशों में दिए गए विस्तृत संस्थागत ढांचे के आधार पर की गई है।

योजना की रूपरेखा के अनुसार, संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्रबंधन और संचालन संबंधी योजनाओं सहित सभी उपयुक्त कारकों का विश्लेषण करने के बाद परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाती है। इसके अलावा, राज्यों को डीपीआर तैयार करते समय विभिन्न हितधारकों और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श भी करना होगा। एसएएससीआई योजना के संबंध में जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार, स्वीकृत परियोजनाओं को अधिकतम 2 वर्षों की अवधि के भीतर विकसित और पूरा किया जाना है, जबकि भारत सरकार इस योजना के तहत 31 मार्च, 2026 तक धनराशि जारी करेगी।

*****

अनुबंध

श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजे द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नासिक में पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †155 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

(I) महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत चिह्नित विषयगत परिपथों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	महाराष्ट्र	तटीय परिपथ 2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास	19.06
2.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखेडी - गिराड का विकास	45.47

(II) महाराष्ट्र में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)
1.	महाराष्ट्र	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	45.41

(III) महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

(राशि करोड़ में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत लागत
1.	महाराष्ट्र	शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3	2023-24	76.22

(IV) महाराष्ट्र राज्य में सीबीडीडी, एसडी 2.0 की एक उप-योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-

(राशि करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	स्वीकृत वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	महाराष्ट्र	2024-25	अहमदनगर किले का विकास	24.99

*****